बी.एच.डी.ई.-107

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

12495

जून, 2019

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *4×15=60*

1. शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए शब्द और पद के अंतर का सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

2. रूपिम के भेदों का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए ।

3. संयुक्त शब्द की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए ।

4. पदबंध का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए उसका संरचनात्मक वर्गीकरण उदाहरण सहित कीजिए ।

5. अर्थ संबंधों के आधार पर संयुक्त वाक्य के विविध प्रकारों का विवेचन कीजिए ।

6. पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए ।

7. लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके प्रकारों की चर्चा कीजिए ।

8. देवनागरी लिपि के गुण एवं दोषों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए ।

9. मानकीकरण का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि के मानकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए ।

खण्ड ख

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) व्यंजक शब्द और व्यंग्यार्थ

(ख) शून्य रूपिम

(ग) शब्द और पद

(घ) पारिभाषिक शब्द

(ङ) अनुकरणात्मक शब्द

(च) मनोवेगात्मक वाक्य

(छ) मिश्र वाक्य

11. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर विचार कीजिए : *4×5=20*

(क) संलाप तथा एकालाप

(ख) समास

(ग) विपरीतार्थक शब्द

(घ) हिन्दी सर्वनामों का सामाजिक प्रयोग

(ङ) ब्राह्मी लिपि

(च) कोड परिवर्तन

(छ) वाचक शब्द और लक्षक शब्द